उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 31.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 31.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।











## कबरई में व्यापारी के साथ हुई घटना के सफल अनावरण पर भारतीय किसान यूनियन, महोबा के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### जनपदीय पुलिस की तत्परता व प्रभावी कार्यशैली के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के प्रति जनपदीय पुलिस के प्रभावी कार्य को देखते हुए आज भारतीय किसान यूनियन, महोबा के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह का सम्मान किया।

विदित हो कि बीते दिनों कबरई क्षेत्र में आटा चक्की संचालक व्यापारी के साथ हुई घटना का जनपदीय पुलिस द्वारा त्वरित एवं सफल अनावरण किया गया था। इस उपलब्धि पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी पुलिस कार्यालय महोबा पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और जनपदीय पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह ने कहा—

"जनपद महोबा की पुलिस सदैव कानून-व्यवस्था की मजबूती, अपराध की रोकथाम और जनसुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जनता का विश्वास और सहयोग हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हम प्रत्येक पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने और अपराधियों को कानून के दायरे में लाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।"

कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।



उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु आज दिनांकः- 31.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

1. उ0नि0 श्री रमाशंकर मिश्र

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री विषयदेव बुन्देला तथा जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म.गण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 31.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को सफलता मिली है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 30 जुलाई 2025 को ग्राम किल्हौआ, थाना पनवाड़ी क्षेत्र में एक व्यक्ति की घर के बाहर रखी दुकान के पास बोरी में रखे बच्चों के खेल-खिलौने, राजश्री मसाला पैकेट, बिस्कुट, नमकीन इत्यादि चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 160/2025, धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### गिरफ्तारी का विवरण:-

घटना के सफल अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम के उ0नि0 पवन गौड़, उ0नि0 हार्दिक सिंह, द्वारा जमाला किल्हौआ तिराहा, ग्राम किल्हौआ से घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त नरेन्द्र पुत्र बीर सिंह राजपूत, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम किल्हौआ, थाना कोतवाली पनवाड़ी, जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान एवं अन्य अवैध वस्तुएं बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### बरामदगी:

चोरी का सामान: बच्चों के खेलने के विभिन्न प्लास्टिक खिलौने, राजश्री प्रीमियम पान मसाला के पैकेट, बिस्कुट, नमकीन इत्यादि।

### अन्य बरामदगी:

श्याम बीड़ी – 16 बंडल

विभिन्न ब्रांड की सिगरेट

पान मसाला व तंबाकू की विभिन्न पुड़िया)

भारतवासी प्रीमियम अगरबत्ती – 18 पैकेट

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1.उ0नि0 पवन गौड़

2.उ0नि0 हार्दिक सिंह

3.का0 रामकुमार तिवारी

4.का0 इन्द्रपाल चौहान

